# सिद्धार्थनगर पुलिस

**प्रेस नोट दिनांक 22.11.2025 जनपद सिद्धार्थनगर।**

**◆पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर की मौजूदगी में साइबर अपराध से सम्बन्धित संचालित विभिन्न Google एलईआरएस पोर्टल, आई0पी0डी0आर0 पोर्टल, नेटवर्क मानिटरिंग पोर्टल आदि के सम्बन्ध में रिजर्व पुलिस लाइन सभागार कक्ष में जनपद में नियुक्त पुलिसकर्मियों हेतु कार्यशाला का किया गया आयोजन।**

**आज दिनांक 22.11.2025 को श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर, जोन गोरखपुर श्री मुथा अशोक जैन के आदेश के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक बस्ती, परिक्षेत्र बस्ती श्री संजीव त्यागी के निर्देशन व पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ अभिषेक महाजन के मौजूदगी में रिजर्व पुलिस लाइन सभागार कक्ष में साइबर अपराध से सम्बन्धित संचालित विभिन्न पोर्टल के सम्बन्ध में जनपद में नियुक्त पुलिसकर्मियों हेतु 03 दिवस के कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसके क्रम में आज दिनांक 22.11.2025 को साइबर कमांडो उ0नि0 श्री उपेन्द्र कुमार सिंह गोरखपुर जोन, गोरखपुर के द्वारा पुलिस कर्मियों को साइबर अपराध से सम्बन्धित विभिन्न पोर्टल Google एलईआरएस, आई0पी0डी0आर0 पोर्टल, नेटवर्क मानिटरिंग पोर्टल आदि के बारे की जानकारी दी गयी तथा हैकिंग, पहचान की चोरी, आनलाईन धोखाधड़ी और अन्य प्रकार के साइबर-संबंधी अपराध की घटनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। उक्त कार्याशाला में प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम थाना श्री पंकज कुमार सिंह जनपद के समस्त थानों पर गठित साइबर हेल्प डेस्क के अधिकारी / कर्मचारीगण व थानों के साइबर अपराध से सम्बन्धित विवेचनाओं के विवेचकगण, कम्प्यूटर आपरेटर, सर्बिलांस सेल, क्राइम ब्रान्च तथा जनपद के थानो/शाखाओं में नियुक्त अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण को प्रशिक्षण दिया गया।**

# प्रेस नोट दिनांक 22.11.2025 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा थाना जोगिया उदयपुर पर आयोजित थाना समाधान दिवस पर फरियादियों की समस्याओं को सुना गया तथा सम्बन्धित को शिकायतों को गम्भीरता से लेकर शत-प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया।**

जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर शिवशरणप्पा जी.एन. व पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ. अभिषेक महाजन द्वारा आज दिनांक 22.11.2025 को थाना जोगिया उदयपुर पर आयोजित थाना समाधान दिवस पर फरियादियों की समस्याओं को सुना गया तथा सम्बन्धित अधिकारियों/कर्मचारियों को शिकायतों की गम्भीरता से लेकर शत-प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा पुलिस कर्मियो को निर्देशित किया गया कि थाना समाधान दिवस में प्राप्त शिकायती प्रार्थना-पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण जल्द से जल्द किया जाना चाहिए जिन प्रार्थना-पत्रों का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से किया जाना है, उन पर रिपोर्ट लगाकर सम्बंधित अधिकारी को प्रेषित करें जिससे समय से उचित निस्तारण कराया जा सके। इस दौरान क्षेत्राधिकारी बांसी, थानाध्यक्ष जोगिया उदयपुर व थाना जोगिया उदयपुर के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहें।

**प्रेस नोट दिनांक 22.11.2025 जनपद सिद्धार्थनगर।**

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण, बेटी, बहू सम्मेलन एंटी रोमियो व शक्ति दीदी अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा के क्रम में थाना शिवनगर डिड़ई मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के राम प्राथमिक विद्यालय हरैया की बालिकाओं को महिलाओं के प्रति होने वाले अपराध, विभिन्न हेल्पलाईन नम्बर, साइबर क्राइम आदि के सम्बन्ध में पम्पलेट वितरित कर जागरुक किया गया।**

**डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 21/11/2025 को प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में सुजीत कुमार राय, क्षेत्राधिकारी बांसी तथा प्रभारी निरीक्षक श्री मनोज कुमार श्रीवास्तव के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति के अन्तर्गत आज दिनाँक 22.11.2025 को प्राथमिक विद्यालय हरैया मे कार्यक्रम का आयोजन किया गया जहाँ महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत साइबर जागरूकता व नये कानून के बारे में बताया गया एवं सरकार द्वारा विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, रानी लक्ष्मीबाई बाल एवं महिला सम्मान कोष, नारी शक्ति वंदन अधिनियम, मातृ शक्ति को सम्बल, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि योजनाओं के बारे में बताया गया तथा बालिकाओं, महिलाओं के साथ होने वाले अपराध व बच बचाव के बारे में जानकारी दी गयी। मिशन शक्ति फेज 5.0 कार्यक्रम के अन्तर्गत चल रहे यातायात माह से  सम्बंधित कानून एवं नए कानून कीं जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाईन नम्बर 112, 1090, 1076, 108, 1930, 1098, 102, 181, 101 के बारे में जानकारी दी गयी। जिसमें विद्यालय के अध्यापक व अध्यापिका मौजूद थे।**

**थाना शिवनगर डिड़ई मिशन शक्ति टीम का विवरण**

**01.उ0नि0 अयोध्या यादव थाना शिवनगर डिड़ई जनपद सिद्धार्थनगर।**
**02..महिला मुख्य आरक्षी नीलम शुक्ला थाना शिवनगर डिड़ई जनपद सिद्धार्थनगर।**
**03.आऱक्षी बृजेश यादव थाना शिवनगर डिड़ई जनपद सिद्धार्थनगर।**
**04.  महिला पी0आर0डी0 माला, पुष्पा थाना शिवनगर डिड़ई जनपद सिद्धार्थनगर।**

**प्रेस नोट दिनांक 22.11.2025 जनपद सिद्धार्थनगर।**

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण, बेटी, बहू सम्मेलन एंटी रोमियो व शक्ति दीदी अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा के क्रम में थाना मिश्रौलिया मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम/कस्बा संलयन उच्च माध्यमिक विद्यालय माधवपुरकला की बालिकाओं को महिलाओं के प्रति होने वाले अपराध, विभिन्न हेल्पलाईन नम्बर, साइबर क्राइम, नये कानून आदि के सम्बन्ध में पम्पलेट वितरित कर जागरुक किया गया।**

**डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 22/11/2025 को प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में सुवेन्दु सिंह, क्षेत्राधिकारी इटवा के कुशल पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष बृजेश सिंह थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल नेतृत्व मे उ0नि0 बबूना यादव, म0का0 अनुराधा गुप्ता मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम/कस्बा संलयन उच्च माध्यमिक विद्यालय माधवपुरकला सिद्धार्थनगर थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर में बलिकाओ को एकत्रित कर जागरूक किया गया व साइबर क्राइम से सम्बंधित जानकारी दी गयी। शक्ति दीदी के तहत महिलाओं को जागरूकता अभियान के तहत जागरूक किया गया, महिला सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन *1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर क्राइम हेल्प लाइन के सम्वन्ध में जानकारी दी**

प्रेस नोट दिनांक 22.11.2025 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण, बेटी, बहू सम्मेलन एंटी रोमियो व शक्ति दीदी अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा के क्रम में थाना इटवा मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय माधवपुर इटवा की बालिकाओं को महिलाओं के प्रति होने वाले अपराध के सम्बन्ध में पम्पलेट वितरित कर जागरुक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 22/11/2025 को प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में सुवेन्दु सिंह, क्षेत्राधिकारी इटवा तथा प्रभारी निरीक्षक इटवा श्यामसुन्दर तिवारी के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति के अन्तर्गत आज दिनाँक 22.11.2025 को प्राथमिक विद्यालय माधवपुर इटवा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जहाँ महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत साइबर जागरूकता व नये कानून के बारे में बताया गया एवं सरकार द्वारा विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, रानी लक्ष्मीबाई बाल एवं महिला सम्मान कोष, नारी शक्ति वंदन अधिनियम, मातृ शक्ति को सम्बल, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि योजनाओं के बारे में बताया गया तथा बालिकाओं, महिलाओं के साथ होने वाले अपराध व बच बचाव के बारे में जानकारी दी गयी। मिशन शक्ति फेज 5.0 कार्यक्रम के अन्तर्गत चल रहे यातायात माह से सम्बंधित कानून एवं नए कानून कीं जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाईन नम्बर 112, 1090, 1076, 108, 1930, 1098, 102, 181, 101 के बारे में जानकारी दी गयी।

**थाना इटवा मिशन शक्ति टीम का विवरण----**

01. उ0नि0 अवधेश यादव थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर।
02.आरक्षी अवधेश कुमार थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर।
03.महिला आऱक्षी अल्का त्रिपाठी थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर

प्रेस नोट दिनांक 22.11.2025 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆मिशन शक्ति फेज 5.0 कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण, बेटी, बहू सम्मेलन एंटी रोमियो व शक्ति दीदी अभियान, नये कानून एवं साइबर अपराध सुरक्षा के क्रम में थाना भवानीगंज मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम भड़रिया की महिलाओं को महिलाओं के प्रति होने वाले अपराध के सम्बन्ध में पम्पलेट वितरित कर जागरुक किया गया।

डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 22/11/2025 को प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में बृजेश कुमार वर्मा, क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज तथा थानाध्यक्ष भवानीगंज के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति के अन्तर्गत आज दिनाँक 22.11.2025 को ग्राम भड़रिया में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जहाँ महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत साइबर जागरूकता व नये कानून के बारे में बताया गया एवं सरकार द्वारा विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, रानी लक्ष्मीबाई बाल एवं महिला सम्मान कोष, नारी शक्ति वंदन अधिनियम, मातृ शक्ति को सम्बल, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि योजनाओं के बारे में बताया गया तथा बालिकाओं, महिलाओं के साथ होने वाले अपराध व बच बचाव के बारे में जानकारी दी गयी। मिशन शक्ति फेज 5.0 कार्यक्रम के अन्तर्गत चल रहे यातायात माह से सम्बंधित कानून एवं नए कानून कीं जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाईन नम्बर 112, 1090, 1076, 108, 1930, 1098, 102, 181, 101 के बारे में जानकारी दी गयी।

थाना भवानीगंज मिशन शक्ति टीम का विवरण----

01. उ0नि0 नेबूलाल थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर।

02.आरक्षी आनंद मौर्य, अनिल यादव, कयूम अंसारी थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर।

03. महिला आऱक्षी उर्मिला थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर।

**प्रेस नोट- दिनांक 22/11/2025 थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के तहत महिला मिशन केंद्र थाना ख़ेसरहा की टीम द्वारा ग्राम देवगृह में नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, नये कानून ,साइबर अपराध सुरक्षा व एंटी रोमियो व शक्ती दीदी (बहु- बेटी सम्मेलन) अभियान के तहत बालिकाओं व महिलाओं को किया गया जागरूक।**

**पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 22/11/2025 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी बांसी सुजीत राय तथा थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्र थाना खेसरहा के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति 5.0 के अन्तर्गत थाना क्षेत्र के ग्राम देवगृह में जन चौपाल का आयोजन किया गया जिसमें महिलाएं व बलिकाएं आदि लोग उपस्थित हुए जिन्हे महिला सम्बन्धित नये कानून व महिला सम्बन्धित अपराध, साइबर अपराध जागरूकता,नये कानून कार्यक्रम के तहत उपस्थित उपरोक्त महिला सशक्तिकरण सम्बन्धित बातों को बताते हुए मिशन शक्ति फेज 5.0* कार्यक्रम के अंतर्गत निम्न हेल्पलाइन नंबर, महिला से सम्बन्धित कानूनो के बारे मे जानकारी दी गई तथा, देउरी, मरवातिया मोड़ उपरोक्त स्थान पर एंटी रोमियो की चेकिंग के तहत 12 शोहदों का माफीनामा भर चेतावनी दी गई तथा वहां उपस्थित महिलाओं व बालिकाओं को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदत्त किये गये कल्याणकारी योजनाओं व विधियों के तहत जागरुक किया गया।**

**मिशन शक्ति केंद्र थाना खेसरहा टीम-**

**1•उ0नि0 चन्द्रिका प्रसाद मौर्य थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर।**

**2•हे0का0 सत्येंद्र सिंह थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर।**

**3. म0 पीआरडी सुषमा देवी थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर।**

**प्रेस नोट दिनांक 21.11.2025जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆सिद्धार्थनगर एण्टी रोमियो स्क्वाड पुलिस टीम द्वारा मिशन शक्ति के अन्तर्गत जनपद के स्कूल-कॉलेज व भीड़-भाड़ आदि स्थानों पर मनचलों एवं शोहदों की चेकिंग की गयी।**

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में मनचलों एवं रोमियो के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 21.11.2025 को प्रभारी एण्टी रोमियो स्कवाड टीम /शक्ति मोबाइल द्वारा मिशन शक्ति के अन्तर्गत एण्टी रोमियो कार्यवाही के तहत थाना क्षेत्र जोगिया में करौंदा मशीना, सनई व थाना क्षेत्र लोटन मे लोटन बाजार, सोहास स्टैंड, महदेईया, नेतवर, चौक व स्कूल-कॉलेज/कोचिंग सेन्टर के पास तथा थाना क्षेत्र के आस-पास के मुख्य सड़को, चौराहों पर चेकिंग की गयी तथा महिला दुकानदारों से नियमित आए दिन चौराहों बाजारों आदि में अनावश्यक घूमने वाले शोहदों आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की गई, चेकिंग के दौरान कोई अप्रिय बात नहीं रही। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं की समस्या को सुना गया और निस्तारण किया गया।

एण्टी रोमियों टीम का विवरण-

01-म0उ0नि0 शाइस्ता प्रभारी एण्टी रोमियो टीम जनपद सिद्धार्थनगर

02 महिला आरक्षी कंचन एंटी रोमियो स्क्वायड

03. महिला मुख्य आरक्षी मधु भारती एंटी रोमियो स्क्वायड

**प्रेस नोट- दिनांक 22/11/2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆मिशन शक्ति केंद्र थाना उसका बाजार टीम द्वारा बहू बेटी कार्यक्रम में महिलाओ को सुरक्षा के बारे मे व हेल्पलाइन नम्बरो के बारे मे जानकारी दी और तथा छोटे-छोटे बच्चों को बालिकाओं को गुड टच बैड टच के बारे में बताया गया**

**डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान" के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी सदर विश्वजीत शौरयान के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 22/11/2025 को प्रभारी निरीक्षक श्री हरेकृष्ण उपाध्याय थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर के निर्देशन में थाना क्षेत्र ग्राम लक्षनपुर में महिलाओं एवं बच्चियों को जो थाने तक नहीं आ सकती हैं के साथ बहू बेटी सम्मेलन कर महिलाओं व बच्चियों को जागरूक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी। मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं के बारे में जानकारी दी गई तथा मिशन शक्ति फेज 5.0 के विषय मे महिलाओं को महिला सम्वन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर नए कानून के बारे में जानकारी दी गई। तथा लोगों को नशीली दवाओं व शराब का सेवन करने से शारीरिक व मानसिक व सामाजिक होने वाले हानिकारक प्रभाव के बारे में बताया गया लोगो को स्वस्थ व नशा मुक्त जीवन शैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया**

**मिशन शक्ति टीम / एंटी रोमियो टीम-**

**01-उ0नि0 जयप्रकाश पाण्डेय थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।**

**02-हे0का0 अनिल चौहान थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।**

**03-हे0का0 अमित यादव थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।**

**04-म0का0 कालिंदी यादव थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।**

**प्रेस नोट- दिनांक 22.11.2025 जनपद सिद्धार्थनगर।**

**◆ यातायात पुलिस द्वारा यातायात माह के 22वें दिवस वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप /पुलिस लाइन परिसर मे स्कूली बच्चों की जागरूकता के संबंध मे निबंध/चित्रकला प्रतियोगिता कराने के साथ दो पहिया वाहन पर तीन सवारी/बिना हेलमेट वाहन चलाने वालो के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाकर की गयी प्रवर्तन की कार्यवाही ।**

आज दिनांक 22.11.2025 को पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ० अभिषेक महाजन के आदेश के अनुपालन के क्रम में ,अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन मे, सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी यातायात श्री विश्वजीत शौर्ययान के कुशल पर्यवेक्षण मे प्रभारी यातायात में टीम द्वारा यातायात माह के तहत हाईडिल तिराहा, सिद्धार्थ तिराहा, पेट्रोल पम्प तिराहा, स्वामी विवेकानंद चौक से सनई चौराहा, साड़ी तिराहा,कस्बा बाँसी, बाँसी रोडवेज आदि स्थानों पर पीए सिस्टम से आम जनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए पम्पलेट्स वितरण किया गया एवं कुहरो मे दुर्घटना से बचाव हेतु वाहनों पर रिफ़लेक्टर टेप लगाया गया साथ ही आज के विशेष अभियान के तहत दुर्घटना से बचाव हेतु रघुवर प्रसाद इं०का०, केंद्रीय विद्यालय, सिद्धार्थ पब्लिक स्कूल, जयकिसान इंटर कालेज बच्चों को यातायात जागरूकता हेतु पुलिस लाइन परिसर मे चित्रकला/निबंध प्रतियोगिता कराते हुए पम्पलेट्स वितरित किया गया एवं सघन चेकिंग अभियान चलाकर दो पहिया पर तीन सवारी/ बिना हेलमेट वाहन चलाना, चार पहिया वाहनों मे सीट बेल्ट का प्रयोग न करना, सड़कों के किनारे अवैध रूप से खड़े-खड़े वाहनों जिसे दुर्घटना के प्रबल संभावना थी उनका M. V. Act, के तहत चालान करते हुए कुल 261करते हुये 286500/-रूपये शमन शुल्क की कार्यवाही की गयी तथा प्रत्येक दशा मे यातायात नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित किया गया, जिससे होने वाली सड़क दुर्घटनाओ की संख्या मे भारी कमी लायी जा सके।

## प्रेस नोट दिनांक 22-11-2025 जनपद सिद्धार्थनगर

◆जनपद सिद्धार्थनगर पुलिस द्वारा सुरक्षा एवं सतर्कता को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने थाना क्षेत्रो में पैदल गश्त कर आमजनमानस में सुरक्षा का एहसास कराया गया।

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में सुरक्षा एवं एवं सतर्कता को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु आज दिनांक 22.11.2025 को प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन मे जनपद के क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष द्वारा अपने-अपने सर्किल/थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले चिह्नित हॉट स्पाट पर एवं उसके आस-पास के क्षेत्रों में पैदल गश्त एवं गहन चेकिंग किया जा रहा है तथा आम जनमानस मे सुरक्षा का एहसास कराते हुये आपस में सौहार्द बनाये रखने हेतु अपील की गयी।

## प्रेस नोट- दिनांक 22.11.2025 जनपद सिद्धार्थनगर

◆ क्षेत्राधिकारी सदर द्वारा थाना मोहाना का अर्ध वार्षिक निरीक्षण कर सम्बन्धित को दिए गये आवश्यक दिशा निर्देश तथा ग्राम प्रहरीगण के साथ गोष्ठी कर टार्च का वितरण किया गया।

डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में एवं प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में विश्वजीत सौरयान(IPS) क्षेत्राधिकारी सदर द्वारा जितेन्द्र सिंह थानाध्यक्ष मोहाना की मौजूदगी में आज दिनांक 22/11/2025 को थाना मोहाना का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया गया। सर्वप्रथम गार्ड कमांडर द्वारा सलामी दी गई। उसके पश्चात निरीक्षण के दौरान थाने के अभिलेखों, मालखाना, शस्त्रागार, सीसीटीएनएस कक्ष, महिला हेल्प डेस्क तथा लंबित विवेचनाओं का परीक्षण किया गया कर अपराध नियंत्रण, गश्त व्यवस्था, बीट पुलिसिंग तथा वारंट/कुर्की शीघ्र निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने थाने की साफ-सफाई, परिसर व्यवस्था एवं स्टाफ के अनुशासन की भी समीक्षा तथा बेहतर कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा जनता की समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु पुलिस कर्मियों को आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। बाद निरीक्षण ग्राम चौकीदारों में टॉर्च व नगद पुरस्कार वितरित किया।